प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / राजकुमारी / 0920 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने कांगड़ा जिला के शीतकालीन प्रवास के दौरान आज धर्मशाला के ढगवार में 225 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक मिल्क प्लांट की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मेला ग्राउंड दाड़ी में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

सेमिनार

नाबार्ड द्वारा आज शिमला में वर्ष 2025–26 के लिए स्टेट क्रेडिट सेमिनार आयोजित किया जाएगा। सेमिनार में आगामी वित वर्ष के लिए ऋण संभाव्यता योजना तैयार की जाएगी। इस ऋण प्रवाह से हिमाचल प्रदेश में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का विकास होगा। बीते वर्ष नाबार्ड ने प्रदेश में कृषि और संबद्ध गतिविधियों, एम एस एम ई और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए 34 हजार 4 सौ 90 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण संभाव्यता योजना तैयार की थी। इस बार इसमें और अधिक इजाफा होने की उम्मीद है। सेमिनार मे मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

गणतंत्र दिवस

प्रदेश में गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित होगा। समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि गणतंत्र दिवस का गौरवशाली दिन धूमधाम से मनाया जाएगा।

वहीं गणतंत्र दिवस पर करीब 25 विभागों की झांकियां समारोह का मुख्य आकर्षण होंगी।

स्वास्थ्य सेवाएं

चंबा जिला में दिव्यांग बच्चों को उनके घर द्वार पर ही एन एच पी सी चमेरा चरण–2 व साफिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क थैरेपी सेवाएं दी जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बिपिन ठाकुर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जिले के दिव्यांग बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाकर उनके जीवन को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि जिले में अब तक करीब 1 सौ 60 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया गया है।

वहीं एन एच पी सी चमेरा चरण–2 के महाप्रबंधक उमेश कुमार नंद ने कहा साफिया फाउंडेशन इस अभियान के तहत तीन साल दिव्यांग बच्चों को थैरेपी संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाएगा।

नेता जी

स्वाधीनता सेनानी नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती आज पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जा रही है। सन 1897 में आज ही के दिन उड़ीसा के कट्टक में उनका जन्म हुआ था।

विंटर कार्निवाल

कुल्लू जिला के मनाली में इन दिनों राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल की धूम है। कार्निवाल में बीती शाम विंटर क्वीन प्रतियोगिता का पहला राऊंड आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा वॉयस ऑफ कार्निवाल प्रतियोगिता व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर आज दिन की शुरूआत गुनगुनी धूप के साथ हुई है। पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ होने के चलते अधिकतम तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विभाग ने आज ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात जबकि मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

अमर उजाला व दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान को लगभग एक जैसी सुर्खी दी है निर्माण कार्यो में देरी को अब माना जाएगा विलंबित भ्रष्टाचार।

हिमाचल दस्तक लिखता है अप्रैल 2026 तक पूरा हो जाएगा बनखंडी जूलॉजिकल पार्क का कार्य। जबकि आपका फैसला के शब्द हैं पात्रों को समय पर मिले योजनाओं के लाभ।

छात्रवृत्ति घोटाले पर पंजाब केसरी ने लिखा है सीबीआई व ईडी के दो अधिकारियों की गिरफतारी के बाद अब नए सिरे से जांच शुरू।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है अरब सागर से आने वाली हवाओं में नमी न होने से कमजोर पड़ा डब्ल्यू डी, आज बर्फबारी–बारिश संभव।